यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित

DSSSB

वार्डर

सॉल्व्ड पेपर्स

प्रधान सम्पादक

Anand K. Mahajan

लेखन सहयोग

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

कम्प्यूटर ग्राफिक्स

बालकृष्ण त्रिपाठी व भूपेन्द्र मिश्रा

सम्पादकीय कार्यालय

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

9415650134

Email : yctap12@gmail.com

website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com

© All rights reserved with Publisher

प्रकाशन घोषणा

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

₹ 995/-

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

विषय-सूची

■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......3-30**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 10-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......31-58**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 10-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......59-85**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 11-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......86-111**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 11-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......112-134**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 12-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......135-162**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 12-06-2024) Shift-II
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......163-189**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 12-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......190-215**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 13-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......216-242**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 13-06-2024) Shift-II
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......243-268**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 13-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......269-294**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 14-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......295-320**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 14-06-2024) Shift-II
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......321-346**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 14-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......347-373**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 15-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......347-398**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 15-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......399-422**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 16-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......423-450**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 16-06-2024) Shift-II
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......451-475**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 16-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......476-502**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 18-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......503-529**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 18-06-2024) Shift-II
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......530-557**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 18-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......558-581**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 19-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......582-607**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 19-06-2024) Shift-II
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......608-633**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date : 19-06-2024) Shift-III
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......634-660**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date :20-06-2024) Shift-I
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......661-690**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date :20-06-2024) Shift-II
■ **DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024......691-720**
सॉल्व्ड पेपर, व्याख्या सहित हल (Exam Date :22-06-2024) Shift-I

DSSSB WARDER (वार्डर) Exam-2024

सॉल्व्ड पेपर

व्याख्या सहित हल **(Exam Date : 10-06-2024) Shift-I**

1. आठ व्यक्ति R_1, R_2, R_3, R_4, R_5, R_6, R_7, तथा R_8 आठ अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं जैसे कि सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, इसके ऊपर की मंजिल की संख्या 2 है। और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंजिल तक की मंजिल की संख्या 8 है। R_3 सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। R_3 तथा R_4 के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। R_8 तथा R_5 के बीच केवल पांच व्यक्ति रहते हैं, और दोनों (R_8 तथा R_5) विषम संख्या वाली मंजिल पर रहते हैं। R_8, R_3 से ऊपर रहता है। R_6 तथा R_7 दोनों R_1 से ऊपर रहते हैं। R_6, R_7 के ऊपर रहता है। R_8, R_2 के ऊपर रहता है। R_1, R_2 तथा के बीच तीन व्यक्ति रहते हैं। R_2 सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति मंजिल 2 पर रहता है?

(a) R_1
(b) वह जो R_4 के ठीक नीचे रहता है
(c) वह जो R_7 से तीन मंजिल नीचे रहता है।
(d) R_5

Ans. (a) : आठ व्यक्ति R_1, R_2, R_3, R_4, R_5, R_6, R_7, और R_8 आठ अलग-अलग मंजिलों पर बैठने का क्रम निम्नवत् है–

सबसे ऊपर - 8	R_4
7	R_8
6	R_2
5	R_6
4	R_3
3	R_7
2	R_1
सबसे नीचे - 1	R_5

अतः स्पष्ट है कि मंजिल 2 पर व्यक्ति R_1 रहता है।

2. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षर/अक्षरों को चुनिए।

(a) OQN (b) WZX
(c) CFD (d) RUS

Ans. (a) : विकल्पों की जाँच करने पर-



अतः स्पष्ट है कि विकल्प (a) अक्षर समूह अन्य से विषम होगा।

3. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षर/अक्षरों को चुनिए।

(a) DGE (b) YVW
(c) GDE (d) TQR

Ans. (a) : विकल्पों की जाँच करने पर-



अतः स्पष्ट है कि विकल्प (a) अक्षर समूह अन्य से विषम होगा।

4. एक विशिष्ट कोड भाषा में, 'RIDE' को 'ZYDM' लिखा जाता है तथा 'HINT' को 'OIDC' लिखा जाता है। इस कोड भाषा में 'SEEN' का कोड क्या है?

(a) IYYN (b) IZZN
(c) IZZM (d) IYYO

Ans. (b) : जिस प्रकार,



तथा



उसी प्रकार,



अतः विकल्प (b) सही है।

5. उस लुप्त युग्म (तीसरा अक्षर-संख्या समूह : चौथे अक्षर-संख्या समूह) का चयन करें जो उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार पहला अक्षर-संख्या समूह दूसरे अक्षर-संख्या समूह से संबंधित है और पांचवा अक्षर-संख्या समूह छठे अक्षर-संख्या समूह से संबंधित है।

EK43:GN21::?::LT92:NW33

(a) UC24:WF32 (b) VO4:WG81
(c) VC24:EG32 (d) UC24:WF18

Ans. (d) : जिस प्रकार,



तथा,



उसी प्रकार, विकल्प (d) से–



अतः विकल्प (d) सही है।

6. सात बॉक्स B1, B2, B3, B4, B5, B6 तथा B7 एक के ऊपर एक रखे गए हैं। बॉक्स B4 के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। बॉक्स B7 तथा B4 के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। बॉक्स B7 तथा B5 के बीच उतने ही बॉक्स रखे गए हैं जितने बॉक्स B5 तथा B1 के बीच रखे गए हैं। बॉक्स B2 तथा B3 के बीच तीन बॉक्स रखे गए हैं। B2 को B3 के ऊपर रखा गया है। तो, कौन-सा बॉक्स नीचे से तीसरे बॉक्स के ठीक ऊपर है?

(a) B3 (b) B5
(c) B2 (d) B4

Ans. (b) : सात बॉक्स $B_1, B_2, B_3, B_4, B_5, B_6$ तथा B_7 का सात अलग-अलग मंजिलों पर क्रम निम्नवत् है–



अतः स्पष्ट है कि नीचे से तीसरे बॉक्स के ठीक ऊपर 'B_5' रखा गया है।

7. A, B का पिता है। B, C का भाई है। C, D का भाई है। D, E का पुत्र है। C, E से किस प्रकार संबंधित है?

(a) माता (b) बहन
(c) भाई (d) पुत्र

Ans. (d) : रक्त संबंध आरेख निम्नवत् है–



अतः चित्र से स्पष्ट है कि C, E का पुत्र होगा।

8. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षर/अक्षरों को चुनिए।

(a) PS - SV (b) HK - KN
(c) DG - GJ (d) BE - DH

Ans. (d) : विकल्पों की जाँच करने पर–



अतः विकल्प (d) अक्षर-समूह विषम है।

9. S - T' का अर्थ 'S, T की पत्नी है', 'S + T' का अर्थ 'S, T की पुत्री है' तथा 'S ÷ T' का अर्थ' S, T का पुत्र है'। यदि A + B - D ÷ H - P है, तो H, A से किस प्रकार संबंधित है?

(a) पिता की बहन (b) पिता की माता
(c) पत्नी की माता (d) माता

Ans. (b) : दिया है–

'–' → पत्नी
'+' → पुत्री
'÷' → पुत्र

व्यंजक - A + B – D ÷ H – P का संबंध आरेख बनाने पर–



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि H, A के पिता की माता होंगी।

10. नीचे दिए गए प्रश्न में, चार अक्षर युग्म दिए गए हैं। (-) के बायीं ओर दिये गये अक्षर (-) के दायीं ओर दिये गये अक्षर से किसी तर्क/नियम/संबंध से संबंधित है। तीन उसी एक तर्क/नियम/संबंध के आधार पर समान हैं। दिए गए विकल्पों में से विषम को चुनिए।

(a) LER - ICQ (b) TQH - QOG
(c) NCP - JZN (d) BOZ - YMY

Ans. (c) : विकल्पों की जाँच करने पर–



अतः विकल्प (c) अक्षर-समूह अन्य से विषम है।

11. नीचे दी गयी पाँच तीन अंकीय संख्याओं पर विचार कीजिए और उस पर आधारित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) 589 786 285 789 625 (दाएं)
दी गयी तीन अंकीय संख्याओं के सौवें (सैकड़ा) अंक का योग क्या होगा?

(a) 34 (b) 27
(c) 25 (d) 29

Ans. (b) : (बाएं) 589, 786, 285, 789, 625 (दाएं)
दी गई संख्याओं के सौवें अंक का योग = 5+7+2+7+6 = 27
अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

12. उस लुप्त युग्म (तीसरा अक्षर समूह:चौथे अक्षर समूह) का चयन करें जो उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार पहला अक्षर समूह दूसरे अक्षर समूह से संबंधित है और पांचवा अक्षर समूह छठे अक्षर समूह से संबंधित है।
SW : VZ :: ? :: CD : FG

(a) MR : NQ (b) BH : EJ
(c) KL : NO (d) TU : VW

Ans. (c) : जिस प्रकार,



तथा,



उसी प्रकार, विकल्प (c) से–



अतः विकल्प (c) समान तर्क का अनुसरण कर रहा है।

13. नीचे दी गयी पाँच तीन अंकीय संख्याओं पर विचार कीजिए और उस पर आधारित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) 654 789 123 675 327 (दाएं)
दी गयी तीन अंकीय संख्याओं के सौवें (सैकड़ा) अंक का योग क्या होगा?

(a) 20 (b) 24
(c) 26 (d) 23

Ans. (d) : (बाएं) 654, 789, 123, 675, 327 (दाएं)
दी गई संख्याओं के सौवें अंक का योग = 6+7+1+6+3 = 23
अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

14. एक विशिष्ट कोड भाषा में, 'CONDUCTED + AFTER' को 14' लिखा जाता है, 'EXAM + DATES' को '9' लिखा जाता है। इस कोड भाषा में 'HOME + AFFAIRS' का कोड क्या है?

(a) 9 (b) 14
(c) 7 (d) 11

Ans. (d) : जिस प्रकार,
C O N D U C T E D + A F T E R = 14
1 2 3 4 5 6 7 8 9 + 1 2 3 4 5
अक्षरों की संख्या → 9 + 5 = 14
तथा,
E X A M + D A T E S = 9
1 2 3 4 + 1 2 3 4 5
अक्षरों की संख्या → 4 + 5 = 9
उसी प्रकार,
H O M E + A F F A I R S = ?
1 2 3 4 + 1 2 3 4 5 6 7
अक्षरों की संख्या → 4 + 7 = 11
अतः ? = 11

15. नीचे दिए गए पांच तीन अक्षरों वाले शब्दों पर विचार करें तथा उनके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।
(बाएं) WRD RUV PCR POM DOZ (दाएं)
यदि प्रत्येक शब्द के सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार पिछले अक्षर से बदल दिया जाए, तो कितने नवगठित शब्दों में केवल दो स्वर होंगे?

(a) 0 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Ans. (a) : (बाएं) WRD, RUV, PCR, POM, DOZ (दाएं)
सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार पिछले अक्षर से बदलने पर–
नवगठित शब्द → VQC, QTU, OBQ, ONL, CNY
दिए गए तीन अक्षरों वाले नवगठित शब्दों में ऐसे शून्य (0) अक्षर समूह है। जिनमें दो स्वर है।

16. उस लुप्त युग्म (तीसरा अक्षर समूह : चौथे अक्षर समूह) का चयन करें जो उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार पहला अक्षर समूह दूसरे अक्षर समूह से संबंधित है और पांचवा अक्षर समूह छठे अक्षर समूह से संबंधित है।
GH : DK :: ? :: QR : NU

(a) XZ : UC (b) SV : PX
(c) KL : MO (d) FI : DK

Ans. (a) : जिस प्रकार,



तथा,



उसी प्रकार, विकल्प (a) से–



अतः विकल्प (a) सही है।

17. अक्षरों से बनी नीचे दी गई स्ट्रिंग पर विचार करें।
T R O Y D P U Y Q H D L S A Z J B T U B G D H T N I F Z
कितने स्वरों के ठीक आगे एक स्वर है?

(a) 5 (b) 4
(c) 6 (d) 0

Ans. (d) : अक्षरों से बनी स्ट्रिंग–
TROYDPUYQHDLSAZJBTUBGDHTNIFZ
दी गई अक्षरों से बनी स्ट्रिंग में ऐसे शून्य (0) स्वर है जिनके ठीक आगे एक स्वर है।

18. 6 बॉक्स B1, B2, B3, B4, B5, तथा B6 को एक के ऊपर एक रखा गया है लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। B4 शीर्ष से दूसरे स्थान पर है। B1 के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल B5 को B2 के नीचे रखा गया है। B6 को B3 से ऊपर रखा गया हैं। B3 के नीचे बॉक्सों की संख्या किसके ऊपर के बॉक्सों की संख्या के समान है?

(a) B1 (b) B5
(c) B2 (d) B4

Ans. (a) : 6 बॉक्स B_1, B_2, B_3, B_4, B_5, तथा B_6 को रखने का क्रम निम्नवत् है–



अतः B_3 के नीचे के बॉक्सों की संख्या B_1 के ऊपर के बॉक्सों की संख्या के समान है।

19. उस लुप्त युग्म (पांचवा अक्षर समूह : छठा अक्षर समूह) का चयन करें जो उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार पहला अक्षर समूह दूसरे अक्षर समूह से संबंधित है और तीसरा अक्षर समूह चौथे अक्षर समूह से संबंधित है।
GMN : IOP :: FHJ : HJL :: ?

(a) XYZ : ZZB (b) FBH :HDJ
(c) RST : PUR (d) PRT :QTU

Ans. (b) : जिस प्रकार,



तथा,



उसी प्रकार, विकल्प (b) से–



अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

20. एक विशिष्ट कोड भाषा में, 'PROOF' को 'BKKNL' लिखा जाता है। इस कोड भाषा में 'QUEEN' का कोड क्या है?

(a) JAAQN (b) JAARM
(c) JAAQM (d) JAAPM

Ans. (c) : जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः विकल्प (c) सही होगा।

21. निम्नलिखित प्रश्न में दी गई श्रृंखला में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।
193, 186, 179, 172, 165, 158, ?

(a) 153 (b) 150
(c) 154 (d) 151

Ans. (d) : दी गई संख्या श्रृंखला निम्नवत् है–



अतः ? = 151

22. उस विकल्प का चयन करें जो पहले संख्या समूह से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा संख्या समूह तीसरे संख्या समूह से संबंधित है तथा छठा संख्या समूह पांचवे संख्या समूह से संबंधित है। (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंको में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण 13-13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं हैं)
49 : ? :: 28 : 33 :: 61 : 66

(a) 54 (b) 55
(c) 57 (d) 56

Ans. (a) : जिस प्रकार,

28 : 33 (+5)

तथा,

61 : 66 (+5)

उसी प्रकार,

49 : 54 (+5)

अतः ? = 54

23. उस विकल्प का चयन करें जो पहले संख्या समूह से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा संख्या समूह तीसरे संख्या समूह से संबंधित है तथा छठा संख्या समूह पांचवे संख्या समूह से संबंधित है। (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण 13-13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं हैं)

63 : 126 : 52 : 104 :: ? : 48

(a) 32 (b) 24
(c) 28 (d) 23

Ans. (b) : जिस प्रकार,

63 → 126 (×2) तथा, 52 → 104 (×2)

उसी प्रकार,

? → 48 (×2)

$$? = \frac{48}{2} = 24$$

अतः ? = 24

24. नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सही माने, चाहे उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गये कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत है।

कथन:

I.सभी ट्रेन, नाव हैं।

II.कोई भी ट्रेन, कार नहीं है।

निष्कर्ष:

I.सभी नाव, ट्रेन हैं।

II.सभी कार, नाव हैं।

(a) दोनों निष्कर्ष I तथा II अनुसरण करते है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, वेन आरेख निम्नवत् है–



निष्कर्ष :- I. (×)
II. (×)

अतः कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

25. यदि 43 # 27*13 = 29 तथा 37# 17*3 = 23 हो, तो 68 # 20* 38 = ?

(a) 76 (b) 85
(c) 86 (d) 101

Ans. (c) : दिए गए समीकरण में (#, *) के स्थान पर (–, +) रखने पर,

जिस प्रकार,

43 # 27 * 13 = 29
43 – 27 + 13 = 29
16 + 13 = 29
29 = 29
L.H.S = R.H.S

तथा,

37 # 17 * 3 = 23
37 – 17 + 3 = 23
20 + 3 = 23
23 = 23
L.H.S = R.H.S

उसी प्रकार,

68 # 20 * 38 = ?
68 – 20 + 38 = ?
48 + 38 = ?
86 = ?
L.H.S = R.H.S

अतः ? = 86

26. पांच मित्र P, B, C, G तथा H एक गोलाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। H, C के निकटतम दाएं ओर बैठा है। B, H के बाएं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के ठीक दाएं ओर कौन बैठा है?

(a) G (b) C
(c) H (d) P

Ans. (a) : पांच मित्र P, B, C, G तथा H के बैठने का क्रम निम्नवत् है–



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि B के ठीक दाएं 'G' बैठा है।

27. **एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।**

JW, LT, NQ, PN, ?

(a) PK (b) QM
(c) QL (d) RK

Ans. (d) : अक्षर अनुक्रम निम्नवत् है-

$J \xrightarrow{+2} L \xrightarrow{+2} N \xrightarrow{+2} P \xrightarrow{+2} \boxed{R}$

$W \xrightarrow{-3} T \xrightarrow{-3} Q \xrightarrow{-3} N \xrightarrow{-3} \boxed{K}$

अतः $\boxed{? = RK}$

28. **उस विकल्प का चयन करें जिसमें संख्याएँ समुच्चय में वही संबंध साझा करती हैं जो दिए गए समुच्चय में संख्याओं द्वारा साझा किया गया है। (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंको में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण 13-13 पर संक्रियाएँ 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है)**

(5, 10, 15)

(6, 12, 18)

(a) (100, 36, 146) (b) (38, 44, 172,)
(c) (15, 15, 30) (d) (25, 50, 100)

Ans. (c) : जिस प्रकार,

$(5, 10, 15) \Rightarrow 5 + 10 = 15$

तथा,

$(6, 12, 18) \Rightarrow 6 + 12 = 18$

उसी प्रकार, विकल्प (c) से–

$(15, 15, 30) \Rightarrow 15 + 15 = 30$

अतः विकल्प (c) सही है।

29. **निम्नलिखित प्रश्न में दी गई श्रृंखला में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।**

163, 162, 154, 127, ?

(a) 64 (b) 66
(c) 65 (d) 63

Ans. (d) : दी गई संख्या श्रृंखला निम्नवत् है–

$163 \xrightarrow{-1} 162 \xrightarrow{-8} 154 \xrightarrow{-27} 127 \xrightarrow{-64} \boxed{63}$

$-1 = (-1)^2, \quad -8 = (-2)^3, \quad -27 = (-3)^3, \quad -64 = (-4)^3$

अतः $\boxed{? = 63}$

30. **पांच मित्र P, B, C, G, और H एक गोलाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। H, C के निकटतम दाएँ बैठा है। B, H के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। P, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H के बाएं ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**

(a) P (b) G
(c) B (d) C

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठने का क्रम निम्नवत् है–



अतः H के बाएं ओर से दूसरे स्थान पर 'G' बैठा है।

31. **एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।**

IQ, KT, MW, OZ, ?

(a) QA (b) PC
(c) QB (d) QC

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, अक्षर अनुक्रम निम्नवत् है–

$I \xrightarrow{+2} K \xrightarrow{+2} M \xrightarrow{+2} O \xrightarrow{+2} \boxed{Q}$

$Q \xrightarrow{+3} T \xrightarrow{+3} W \xrightarrow{+3} Z \xrightarrow{+3} \boxed{C}$

अतः $\boxed{? = QC}$

32. **नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए हैं। दिए गए कथनों को सही माने, चाहे उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो। सभी निष्कर्ष पढ़े और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं।**

कथन:

I. सभी सोना, चाँदी है।

II. कुछ चाँदी, तांबा है।

निष्कर्ष:

I. कोई भी तांबा, सोना नहीं है।

I. कोई भी चाँदी, सोना नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(b) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।
(c) दोनों निष्कर्ष I तथा II अनुसरण करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

Ans. (b) : वेन आरेख निम्न प्रकार है–



निष्कर्ष:- I. (×)
II. (×)

अतः कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

33. सात लड़के P, Q, R, S, T, U तथा V उत्तर दिशा की ओर मुख करके एक सीधी रेखा में बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। R, P के दाएं ओर से पांचवें स्थान पर बैठा है। V पंक्ति के ठीक मध्य में बैठा है। V, Q के दाएं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। U तथा T के बीच केवल दो लड़के बैठे है। U तथा V निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। निम्नलिखित में से कौन से युग्म में दूसरा लड़का पहले लड़के के बाएं ओर से चौथे स्थान पर है?

(a) TR (b) QS
(c) PS (d) UP

Ans. (d) : सात लड़के P, Q, R, S, T, U तथा V उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठने का क्रम निम्नवत् है–

(बाएं) Q P T V S U R (दाएं)

अतः स्पष्ट है कि दूसरा लड़का (P) पहले लड़के (U) के बाएं ओर से चौथे स्थान पर है।

34. एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।

I, L, O, R, U, ?

(a) W (b) Y
(c) V (d) X

Ans. (d) : प्रश्नानुसार, अक्षर अनुक्रम निम्नवत् है–

I →(+3) L →(+3) O →(+3) R →(+3) U →(+3) X

अतः ? = X

35. नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए हैं। दिए गए कथनों को सही माने, चाहे उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो। सभी निष्कर्ष पढ़े और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं।

कथन:

I. कुछ P, A हैं।

II. कोई भी L, A नहीं है।

III. कोई भी C, P नहीं है।

निष्कर्ष:

I. सभी L, C हैं।

II. सभी C, A हैं।

III. सभी P, L हैं।

(a) दोनों निष्कर्ष II तथा III अनुसरण करतें हैं।
(b) दोनों निष्कर्ष I तथा II अनुसरण करते हैं।
(c) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।
(d) दोनों निष्कर्ष I तथा III अनुसरण करते हैं।

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, वेन आरेख निम्नवत् है–



निष्कर्ष:- I. (×)
II. (×)
III. (×)

अतः कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

36. कौन-सी आकृति दी गई आकृतियों के समान है?

(a) 
(b)
(c)
(d)

Ans. (b) : दी गई प्रश्न आकृतियों में जिस प्रकार अन्दर की आकृति में रेखाओं की संख्या, बाहर वाली आकृति में रेखाओं की संख्या 1 बढ़ रही है उसी पैटर्न को विकल्प (b) की आकृति अनुसरण करती है।

37. नीचे की प्रश्न आकृतियों में दिखाए गए अनुसार कागज को मोड़कर छेदने तथा खोलने के बाद वह किस विकल्प आकृति जैसा दिखाई देगा?



(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

Ans. (a) : प्रश्न आकृतियों में दिखाए गए अनुसार कागज को मोड़कर छेदने तथा खोलने के बाद वह विकल्प आकृति (a) के समान दिखाई देगा।

38. उस विकल्प का चयन करें जिसमें संख्याएँ समुच्चय में वही संबंध साझा करती हैं जो दिए गए समुच्चय में संख्याओं द्वारा साझा किया गया है। (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण 13 -13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है)

(5, 5, 4)

(6, 5, 5)

(a) (8, 35, 4) (b) (9, 5, 4))
(c) (10, 12, 15) (d) (10, 10, 8)

Ans. (d) : जिस प्रकार,

$(5, 5, 4) \Rightarrow (5-4)\times5$
$= 1\times5$
$= 5$

तथा,

$(6, 5, 5) \Rightarrow (6-5)\times5$
$= 1\times5$
$= 5$

उसी प्रकार, विकल्प (d) से–

$(10, 10, 8) \Rightarrow (10-8)\times5$
$= 2\times5$
$= 10$

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

39. यदि 39 @ 47 # 73 = 159 तथा 101 @ 80 # 73 = 254 हो, तो 52 @ 59 # 95 = ?

(a) 219 (b) 231
(c) 206 (d) 227

Ans. (c) : दिए गए समीकरण में (@, #) के स्थान पर (+, +) चिह्नों को प्रतिस्थापित करने पर–

जिस प्रकार,

39@47#73 = 159
$39 + 47 + 73 = 159$
$159 = 159$
L.H.S = R.H.S

तथा,

101@80#73 = 254
$101 + 80 + 73 = 254$
$254 = 254$
L.H.S = R.H.S

उसी प्रकार,

52 @ 59 # 95 = ?
$52 + 59 + 95 = ?$
$206 = ?$

अतः ? = 206

40. दिए गये दो चिह्नों और दो संख्याओं (अंक नहीं) को आपस में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही होगा?

× और ÷, 7 और 9

(a) $9 + 4 \times 3 - 7 \div 1 = 19$
(b) $9 - 7 \times 3 + 6 \div 2 = 19$
(c) $8 \times 3 \div 6 + 9 - 7 = 14$
(d) $9 \times 3 + 4 \div 2 - 7 = 18$

Ans. (c) : विकल्प (c) से,

$8 \times 3 \div 6 + 9 - 7 = 14$
$8 \div 3 \times 6 + 7 - 9 = 14$
$\frac{8}{3}\times6+7-9=14$
$16 + 7 - 9 = 14$
$23 - 9 = 14$
$14 = 14$
L.H.S = R.H.S

अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

41. राष्ट्रीय सिंधी भाषा संवर्धन परिषद् (एनसीपीएसएल) की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

(a) 1982 (b) 2001
(c) 1988 (d) 1994

Ans. (d) : राष्ट्रीय सिंधी भाषा संवर्धन परिषद् (NCPSL) की स्थापना 26 मई, 1994 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत की गई थी। यह एक स्वायत्त पंजीकृत निकाय है जो सोसाइटी अधिनियम, 1860 के तहत स्थापित किया गया था।

42. गुड़ियों का त्योहार 'बॉम्बे हब्बा' भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?

(a) कर्नाटक
(b) असम
(c) मध्य प्रदेश
(d) गुजरात

Ans. (a) : गुड़ियों का त्योहार 'बॉम्बे हब्बा' या 'गोम्बे हब्बा' मुख्य रूप से कर्नाटक राज्य में मनाया जाता है। यह त्योहार दशहरे के दौरान आयोजित किया जाता है, जहाँ परिवार पारंपरिक गुड़ियों को सीढ़ीनुमा व्यवस्था में सजाकर प्रदर्शित करते हैं।

43. भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान भारत के किस राज्य में स्थित है?

(a) गुजरात
(b) आंध्र प्रदेश
(c) बिहार
(d) ओडिशा

Ans. (d) :

राष्ट्रीय उद्यान	राज्य
भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान	ओडिशा
गिर राष्ट्रीय उद्यान	गुजरात
वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान	बिहार
पापीकोंडा राष्ट्रीय उद्यान	आंध्र प्रदेश

44. ---- सिंधु की सबसे बड़ी सहायक नदी है।

(a) झेलम (b) रावी
(c) सतलुज (d) चिनाब

Ans. (d) : सिंधु की सबसे बड़ी सहायक नदी चिनाब है, यह हिमाचल प्रदेश में चंद्रा तथा भागा नामक दो धाराओं के मिलने से बनती है। जिसकी वजह से इसे चन्द्रभागा नदी के नाम से जाना जाता है।

45. भारत सरकार ने 1995-96 में 2,000 करोड़ रूपये की प्रारंभिक निधि के साथ नाबार्ड (NABARD) में RIDF की स्थापना की। RIDF का पूरा नाम क्या है?

(a) ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि
(b) ग्रामीण अवसंरचना विभाग निधि
(c) क्षेत्रीय अवसंरचना विकास निधि
(d) ग्रामीण निवेश विकास कोष

Ans. (a) : आरआईडीएफ का पूर्ण रूप ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि है।यह निधि भारत में सरकार द्वारा 1995-96 में स्थापित की गई थी तथा इसका संचालन नाबार्ड द्वारा देश भर में विभिन्न ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं, जैसे सड़क, सिंचाई तथा सामाजिक अवसंरचना को समर्थन देने के लिए किया जाता है।

46. लोहे पर जिंक की परत चढ़ाने की प्रक्रिया को क्या कहते है?

(a) यशदीकरण
(b) उदासीनीकरण
(c) क्रिस्टलीकरण
(d) क्षरण

Ans. (a) : लोहे पर जिंक की परत चढ़ाने की प्रक्रिया को गैल्वनीकरण (यशदीकरण) कहा जाता है जिससे वस्तुओं को एक सुरक्षात्मक परत प्रदान की जाती है जो लोहे व स्टील को क्षरण या जंग लगने से सुरक्षा प्रदान करती है। गैल्वनीकरण का उपयोग आमतौर पर गैल्वनाइज्ड स्टील पाइप जैसी वस्तुओं को जंग से बचाने के लिए किया जाता है।

47. निम्नलिखित में से किसे कोशिका का 'शक्तिग्रह' कहा जाता है?

(a) गॉल्जीकाय
(b) कोशिका झिल्ली
(c) माइटोकांड्रिया
(d) लाइसोसोम

Ans. (c) : कोशिका का शक्ति ग्रह (पावर हाउस) माइटोकांड्रिया को कहा जाता है। यह कोशिकांग एटीपी के रूप में ऊर्जा उत्पन्न करता है जो कोशिकीय कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है। माइटोकांड्रिया कोशिका के भीतर कैल्शियम आयन के स्तर को प्रबंधित करने में मदद करते है, जो विभिन्न कोशिकीय कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है।

48. निम्नलिखित में से कौन-सा पादप नियामक बीज विकास परिपक्वता और प्रसुप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

(a) एब्सिसिक एसिड
(b) साइटोकाइनिन्स
(c) एथिलीन
(d) जिब्बेरेलिन

Ans. (a) : बीज विकास परिपक्वता तथा प्रसुप्ति में एब्सिसिक एसिड (ABA) नामक पादप हार्मोन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह एक पादप हार्मोन है जो वृद्धि को रोकता है, प्रसुप्ति को बढ़ावा देता है, तथा बीज के अंकुरण को रोकता है। इसे तनाव हार्मोन भी कहा जाता है।

49. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उदासीनता वक्र के गुणों के बारें में गलत है?

(a) उदासीनता वक्र हमेशा नीचे की ओर झुकता
(b) उदासीनता वक्र कभी प्रतिच्छेद नहीं करते
(c) उच्च उदासीनता वक्र संतुष्टि के उच्च स्तर को दर्शाते
(d) उदासीनता वक्र सदैव मूल बिन्दु की ओर अवतल होते

Ans. (d) : उदासीनता वक्र एक ग्राफ होता है जो दो वस्तुओं के विभिन्न संयोजनों को दर्शाता है। यह हमेशा नीचे की ओर झुकता है। यह कभी भी एक दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं करते है। उच्च उदासीनता वक्र संतुष्टि के उच्च स्तर को दर्शाते है। उदासीनता वक्र सदैव मूल बिन्दु की ओर उत्तल होते है न कि अवतल। अतः उदासीनता वक्र के संबंध में विकल्प (d) गलत है ?

50. 'संकोश'किस नदी की सहायक नदी है?

(a) यमुना (b) गंगा
(c) सिंधु (d) ब्रह्मपुत्र

Ans. (d) : संकोश नदी ब्रह्मपुत्र नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है। यह नदी उत्तरी भूटान से निकलती है, तथा असम में ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है। यह नदी असम तथा पश्चिम बंगाल के मध्य सीमा बनाती है।

51. स्वप्नमय चक्रवर्ती को निम्नलिखित में से किस बंगाल साहित्य के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023 मिला?

(a) सोमय जापनर टुक्रो
(b) नागमंगल
(c) जालेर ऊपर पानी
(d) संभवामि

Ans. (c) : स्वप्नमय चक्रवर्ती को उनके बंगाली उपन्यास 'जालेर ऊपर पानी (जल के ऊपर पानी)' के लिए वर्ष 2023 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है।

52. मंगोलिज्म या डाउन में कितने गुणसूत्र होते है?

(a) 47 (b) 48
(c) 49 (d) 46

Ans. (a) : मंगोलिज्म जिसे आमतौर पर डाउन सिंड्रोम कहा जाता है वाले लोगों में कुल 47 गुणसूत्र होते हैं, जबकि सामान्य मनुष्य में 46(23 जोड़े) गुणसूत्र होते है।

53. निम्नलिखित में से कौन सा वसा में घुलनशील विटामिन नहीं है?

(a) विटामिन D (b) विटामिन K
(c) विटामिन C (d) विटामिन A

Ans. (c) : विटामिन ऐसे आवश्यक कार्बनिक यौगिक हैं जिनकी हमारे शरीर को स्वस्थ रहने कोशिकाओं के कार्य, वृद्धि और विकास के लिए एक अनुपात में आवश्यकता होती है। विटामिन B तथा C जल में घुलनशील विटामिन हैं तथा विटामिन A, D, E, K वसा में घुलनशील विटामिन हैं।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा सरकार के पूंजीगत खर्च का उदाहरण हैं?

(a) लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा मुफ्त में उपलब्ध करवाना।
(b) सार्वजनिक संपत्ति का रखरखाव
(c) स्कूल और अस्पताल भवन जैसी संपत्तियां बनाने के लिए
(d) सरकारी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान

Ans. (c) : ऐसे खर्च जो सरकार द्वारा किसी स्थाई संपत्ति के निर्माण, खरीदनें या उसके सुधार पर किए जाते हैं पूंजीगत खर्च कहलाते हैं। जैसे- सड़क, पुल, अस्पताल, स्कूल आदि के निर्माण हेतु किए गए खर्च।

55. राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद् ने किस वर्ष एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करना शुरु किया?

(a) 1996 (b) 1969
(c) 1982 (d) 1956

Ans. (a) : राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद (एनसीपीयूएल) ने 1 अप्रैल, 1996 को एक स्वायत्त निकाय के रूप में अपना संचालन शुरू किया, जिसके बाद से यह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है। इसका कार्यान्वयन स्थान दिल्ली है।

56. 2001-2011 के दशक के दौरान बौद्ध जनसंख्या के अनुपात में कितने प्रतिशत अंक (पीपी) की गिरावट आई है?

(a) 0.1 PP (b) 0.3 PP
(c) 0.6 PP (d) 0.4 PP

Ans. (a) : 2001-2011 के दशक के दौरान, भारत में बौद्ध जनसंख्या के अनुपात में 0.1 प्रतिशत अंकों (पीपी) की गिरावट आई थी, क्योंकि 2001 में यह कुल जनसंख्या में इसका अनुपात 0.7 प्रतिशत था, और 2011 में यह घटकर 0.6 प्रतिशत रह गया था। यह गिरावट भारत की जनगणना के धार्मिक आंकड़ों पर आधारित है। जो दर्शाता है कि 2001-2011 के दशक में अन्य धार्मिक समूहों की तुलना में बौद्ध जनसंख्या के अनुपात में मामूली कमी आई थी।

57. हेमिस महोत्सव भारत के किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में मनाया जाता है?

(a) असम (b) बिहार
(c) लद्दाख (d) पुदुचेरी

Ans. (c) : राज्य तथा उनमें मनाए जाने वाले उत्सव/पर्व

राज्य	उत्सव/पर्व
असम	बिहू
बिहार	छठ
लद्दाख	हेमिस
पुदुचेरी	पोंगल

58. महात्मा गांधी की आत्मकथा का क्या नाम है?

(a) यंग इण्डिया
(b) इंडिया ऑफ माई ड्रीम्स
(c) हिन्द स्वराज
(d) दी स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेंट

Ans. (d) : महात्मा गांधी की आत्मकथा का नाम सत्य के साथ मेरे प्रयोगों की कहानी (दी स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेंट) है। यह आत्मकथा उन्होंने मूलरूप से गुजराती भाषा में लिखी थी।

59. मनुष्यों पर ई-कचरे के प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
I. कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में पारा होता है जो श्वसन संबंधी विकारों तथा मस्तिष्क क्षति का कारण बनता है।
II. अर्धचालकों तथा प्रतिरोधकों में पाया जाने वाला कैडमियम किडनी, लीवर और अस्थियों को हानि पहुंचा सकता है।

(a) I तथा II दोनों (b केवल I
(c) ना ही I ना ही II (d) केवल II

Ans. (a) : मनुष्यों पर ई-कचरे के प्रभाव के संबंध में दोनों कथन सही है क्योंकि ई-कचरे में मौजूद पारा (मस्तिष्क) और श्वसन प्रणाली के लिए हानिकारक और कैडमियम (गुर्दे, यकृत तथा हड्डियों को नुकसान पहुँचाने वाला) गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है, विशेष रूप से अपशिष्ट के अनुचित निपटान और रिसाइक्लिंग से निकलने पर।

60. मानसून पूर्व आम्र वर्षा भारत के किस क्षेत्र में होती है?

(a) पश्चिम बंगाल और असम
(b) केरल और कर्नाटक
(c) आन्ध्र प्रदेश और ओडिशा
(d) पश्चिम बंगाल और बिहार

Ans. (b) : मानसून पूर्व होने वाली आम वर्षा या आम्र वर्षा भारत के दक्षिण-पश्चिमी राज्यों, विशेषकर केरल और कर्नाटक में होती है। यह वर्षा अप्रैल मई के महीनों में होती है, जो आमों को पकने में मदद करती है। इसे अप्रैल की वर्षा या ग्रीष्मकालीन वर्षा के नाम से भी जाना जाता है।

61. आंध्र के डेल्टा इलाकों में स्वदेशी आंदोलन को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था?

(a) होमरूल आंदोलन (b) वंदेमातरम आंदोलन
(c) मोपला विद्रोह (d) खिलाफत आंदोलन

Ans. (b) : आन्ध्र के डेल्टा इलाकों में स्वदेशी आन्दोलन को वन्दे मातरम् आन्दोलन के नाम से जाना जाता था। यह गांधी पूर्व आन्दोलनों में सबसे सफल आन्दोलनों में से एक था तथा इसका उद्देश्य अंग्रेजो को हटाना था। यह आन्दोलन बंगाल विभाजन के बाद उभरा था।

62. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यों में विधान परिषदों के उन्मूलन या सृजन का प्रावधान है?

(a) अनुच्छेद 226
(b) अनुच्छेद 213
(c) अनुच्छेद 169
(d) अनुच्छेद 243

Ans. (c) :

अनुच्छेद	प्रावधान
अनुच्छेद-226	उच्च न्यायालयों को रिट जारी करने की शक्ति
अनुच्छेद-213	राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति
अनुच्छेद-169	राज्यों के विधान परिषदों के उन्मूलन या सृजन का प्रावधान
अनुच्छेद-243	स्थानीय स्वशासन से संबंधित परिभाषायें

63. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) 2022 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में देश में भ्रष्टाचार के सबसे अधिक मामले हैं?
I. बिहार
II. महाराष्ट्र

(a) केवल II (b) ना ही I ना ही II
(c) I केवल II (d) I

Ans. (a) : राष्ट्रीय रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में भ्रष्टाचार के सबसे अधिक मामले महाराष्ट्र राज्य में दर्ज किए गए थे। महाराष्ट्र में वर्ष 2022 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कुल 749 मामले दर्ज किए गए थे। NCRB की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार के सर्वाधिक मामले महाराष्ट्र में दर्ज किए गए है। दूसरा स्थान उत्तर प्रदेश का है।

64. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद राष्ट्रपति के चुनाव का प्रावधान करता है?

(a) अनुच्छेद 54 (b) अनुच्छेद 50
(c) अनुच्छेद 63 (d) अनुच्छेद 76

Ans. (a) :

अनुच्छेद	प्रावधान
अनुच्छेद 54	राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए निर्वाचक मंडल की संरचना का प्रावधान
अनुच्छेद 50	न्याय के लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण प्रावधान
अनुच्छेद 63	भारत के उपराष्ट्रपति का प्रावधान
अनुच्छेद 76	भारत के महान्यायवादी के पद की स्थापना

65. निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने जून 2023 में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की पेशकश करने वाली 'शक्ति' योजना शुरू की?

(a) कर्नाटक (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) गोवा

Ans. (a) : जून 2023 में कर्नाटक राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की पेशकश करने वाली 'शक्ति' योजना शुरू की थी। यह कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई पाँच प्रमुख चुनावी गारंटियों में से एक थी। जिसके तहत राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा प्रदान की जाती है।

66. भारत ने फाइनल में किस देश को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी 2023 टूर्नामेंट जीता?

(a) चीन (b) जापान
(c) पाकिस्तान (d) मलेशिया

Ans. (d) : एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी का सातवां संस्करण 3-12 अगस्त तक भारत के चेन्नई में स्थित मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें भारत ने मलेशिया को हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब को अपने नाम किया।

67. अप्रैल 2023 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा निम्नलिखित में से किस शहर में संयुक्त प्रगति (समावेशी विकास) अभियान शुरू किया गया था?

(a) इंदौर (b) जबलपुर
(c) भोपाल (d) रीवा

Ans. (d) : अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के रीवा शहर में पंचायती राज दिवस के अवसर पर समावेशी विकास (सामूहिक विकास) थीम के तहत नौ अभियानों की शुरूआत की थी। यह शुभारंभ "आजादी का अमृत महोत्सव" के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था जिसके दौरान प्रधानमंत्री ने वेबसाइट तथा मोबाइल ऐप 'समावेशी' भी लॉन्च किया था।

68. एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का संस्करण अगस्त 2023 में भारत के किस शहर में आयोजित किया गया था?

(a) कोलकाता (b) पुणे
(c) गुवाहाटी (d) चेन्नई

Ans. (d) : 2023 पुरूष एशियाई ट्रॉफी (आधिकारिक तौर पर प्रयोजन कारणों से हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के रूप में जाना जाता है) पुरूष एशियाई चैंपियंस ट्राफी का सातवां संस्करण था, जो एशियाई हॉकी महासंघ द्वारा आयोजित छह सर्वश्रेष्ठ एशियाई राष्ट्रीय टीमों के लिए पुरूषों का फील्ड हॉकी टूर्नामेंट था।

69. निम्नलिखित में से किस राज्य के वन विभाग ने भारत का पहला जिम्नोस्पर्म उद्यान स्थापित किया?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) उत्तराखंड
(c) सिक्किम (d) केरल

Ans. (b) : भारत के पहले जिम्नोस्पर्म उद्यान की स्थापना उत्तराखंड के वन विभाग ने की थी। यह उद्यान उत्तरकाशी जिले के राडी टॉप में स्थित है और इसमें जिम्नोस्पर्म पौधों की विभिन्न लुप्तप्राय प्रजातियाँ शामिल हैं यह मार्च 2024 से आम लोगों के लिए खुला हुआ है।

70. राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में दी गई है?

(a) अनुच्छेद 80 (b) अनुच्छेद 63
(c) अनुच्छेद 61 (d) अनुच्छेद 76

Ans. (c) :

अनुच्छेद	प्रावधान
अनुच्छेद-80	राज्यसभा की संरचना
अनुच्छेद-63	भारत के उपराष्ट्रपति
अनुच्छेद-61	राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया
अनुच्छेद-76	भारत का महान्यायवादी

71. किस वर्ष बाबर ने खानवा में राणा सांगा, राजपूत राजाओ और उनके समर्थको को हराया था?

(a) 1530 (b) 1527
(c) 1526 (d) 1528

Ans. (b) : बाबर ने खानवा की लड़ाई में राणा सांगा और उनके समर्थक को 1527 ईस्वी में हराया था। यह युद्ध 16 मार्च, 1527 को लड़ा गया था जो मध्यकालीन भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना को मजबूत किया। इस जीत के बाद बाबर ने 'गाजी' की उपाधि धारण की थी।

72. वर्ष-2011 की जनगणना के अनुसार भारत की वयस्क महिला साक्षरता दर क्या है?

(a) 69.5 प्रतिशत (b) 49.2 प्रतिशत
(c) 59.3 प्रतिशत (d) 75.6 प्रतिशत

Ans. (c) : वर्ष-2011 की जनगणना के अनुसार भारत में महिला साक्षरता दर 65.4% थी। यह कुल साक्षरता दर 74.0% तथा पुरूषों की साक्षरता दर 82.14% से काफी कम थी। जबकि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की वयस्क महिला साक्षरता दर 59.3 प्रतिशत थी।

73. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2024 में भारत का स्थान क्या है?

(a) 10 (b) 4
(c) 7 (d) 5

Ans. (c) : जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) 2024 में भारत को 7वां स्थान मिला था। CCPI 2025 में भारत को 10वां स्थान प्राप्त हुआ है।

74. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद मूल कर्तव्यों से संबंधित है?

(a) अनुच्छेद 51क (b) अनुच्छेद 49
(c) अनुच्छेद 50 (d) अनुच्छेद 48क

Ans. (a) :

अनुच्छेद	**प्रावधान**
अनुच्छेद 51 क	मूल कर्तव्य
अनुच्छेद-49	राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों, स्थानों तथा वस्तुओं का संरक्षण
अनुच्छेद-50	कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण
अनुच्छेद-48 क	पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा

75. जुलाई 2023 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने सेमी-क्रायोजेनिक इंजन के मध्यवर्ती विन्यास पर प्रथम तप्त परीक्षण आयोजित किया, जिसे पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (पी.एच.टी.ए.) के रूप में जाना जाता है?

(a) डी.आर.डी.ओ. (b) इसरो
(c) बी.ए.आर.सी. (d) आई.आई.आर.एस.

Ans. (b) : जुलाई 2023 में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सेमी क्रायोजेनिक इंजन के मध्यवर्ती विन्यास पर पहला तप्त परीक्षण आयोजित किया, जिसे पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (पी.एच.टी.ए.) के रूप में जाना जाता है, और यह परीक्षण तमिलनाडु के महेन्द्रगिरि में इसरो के प्रणोदन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में किया गया था।

76. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारतीय संविधान के मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है?

(a) राष्ट्रों के मध्य न्यायपूर्ण और सम्मान जनक संबंध बनाये रखना।
(b) मध्यस्थता द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के निपटारों को प्रोत्साहित करना।
(c) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।
(d) अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना।

Ans. (c) : भारत में मौलिक कर्तव्यों को स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के आधार पर 1976 में 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से संविधान में जोड़ा गया था। ये कर्तव्य विशिष्ट जिम्मेदारियों को रेखांकित करते है जिनका पालन करने की नागरिकों से अपेक्षा की जाती है। भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है। भारतीय संविधान का भाग-IV (क) तथा अनुच्छेद 51 (क) मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है।

77. निम्नलिखित में से किस भारतीय मंत्रालय ने अगस्त 2023 में इंटरनेट से जुड़े सभी कंप्यूटरों में माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम (ओ.एस.) को स्थानीय स्तर पर विकसित ओपन-सोर्स उबंटू पर आधारित एक नए ओ.एस. माया से बदलने का निर्णय लिया?

(a) रक्षा मंत्रालय
(b) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
(c) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(d) रेल मंत्रालय

Ans. (a) : रक्षा मंत्रालय ने अगस्त 2023 में इंटरनेट से जुड़े सभी कंप्यूटरों में माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम (ओ.एस.) को स्थानीय स्तर पर विकसित ओपन-सोर्स उबंटू पर आधारित एक नए ओ.एस. माया से बदलने का निर्णय लिया।

78. बच्चों को जापानी एन्सेफेलाइटिस से बचाने के लिए पहले पूर्ण स्वदेशी भारतीय टीके का क्या नाम है?

(a) जेनवैक (b) R21 वैक्सीन
(c) अक्टोसाइट (d) मैट्रिक्स-एम

Ans. (a) : बच्चों को जापानी इन्सेफेलाइटिस से बचाने के लिए पहले पूर्ण स्वदेशी भारतीय टीके का नाम जेनवैक (JENVAC) है, जिसे भारत बायोटेक और भारत सरकार के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान के सहयोग से विकसित किया गया था।

79. निम्नलिखित में से किस वर्ष में औरंगजेब ने गोलकुंडा को अपने राज्य में मिला लिया था?

(a) 1703 (b) 1677
(c) 1687 (d) 1666

Ans. (c) : औरंगजेब ने 1687 में गोलकुंडा को अपने राज्य में मिला लिया था। इस घटना के बाद कुतुबशाही वंश का अंत हो गया और गोलकुंडा मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया। औरंगजेब ने गोलकुंडा किले को आठ महीने की लम्बी घेराबंदी के बाद अपने कब्जे में लिया था।

80. निम्नलिखित में से कौन खिलाफत आंदोलन का नेता था?
I. मोहम्मद अली
II. शौकत अली

(a) I तथा II दोनों (b) ना ही I ना ही II
(c) केवल II (d) केवल I

Ans. (a) : खिलाफत आन्दोलन के प्रमुख नेताओं में अली बंधु, मौलाना मोहम्मद अली और मौलाना शौकत अली थे। इनके अलावा मौलाना अबुल कलाम आजाद, हकीम अजमल खान तथा गांधी जी जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल थे। अखिल भारतीय खिलाफत कमेटी का गठन 1919 में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में किया गया था।

81. एक विद्यालय के 77 विद्यार्थियों का औसत भार 47 कि.ग्रा. है। यदि लड़कों का औसत भार 50 कि.ग्रा है तथा लड़कियों का औसत भार 29 कि.ग्रा. है, तो लड़कों के कुल भार तथा लड़कियों के कुल भार का क्रमशः अनुपात क्या है?

(a) 290 : 27 (b) 300 : 29
(c) 304 : 33 (d) 301 : 31

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



अभीष्ट अनुपात = $6\times50 : 1\times29$
$= 300 : 29$

82. $8.6\overline{42}$ **का मान क्या है?**

(a) $\frac{8634}{999}$ (b) $\frac{8642}{999}$

(c) $\frac{8642}{900}$ (d) $\frac{8634}{900}$

Ans. (a) : प्रश्न से,

$8.6\overline{42}$

$= \frac{8642-8}{999}$

$= \frac{8634}{999}$

अतः विकल्प (a) सही है।

83. एक नया छात्र जिसका भार 50 कि.ग्रा. है, 44 छात्रों की एक कक्षा में शामिल हो जाता है और कक्षा का औसत भार 1 कि.ग्रा. से कम हो जाता है। कक्षा का नया औसत भार क्या है?

(a) 98 कि.ग्रा. (b) 94 कि.ग्रा.

(c) 97 कि.ग्रा. (d) 100 कि.ग्रा.

Ans. (b) : माना 44 छात्रों का औसत भार = xkg

∴ 44 छात्रों का कुल भार = 44x kg

तथा नये छात्र का भार = 50kg

कुल छात्रों की संख्या = 44 + 1 = 45

प्रश्नानुसार,

$\frac{44\mathbf{x}+50}{45} = (\mathbf{x}-1)$

$44x + 50 = 45x - 45$

$x = 95$ kg

अत: कक्षा का नया औसत भार = (x – 1)

= 95 – 1

= 94 kg

84. 4420 रुपये को P तथा Q के मध्य विभाजित किया गया है। वह अपने हिस्से को 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से चक्रवृद्धि ब्याज पर (वार्षिक संयोजन पर) निवेश करते हैं। यदि 8 वर्ष के अंत में P का हिस्सा 10 वर्ष के अंत में Q के हिस्से के बराबर है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

I. P का हिस्सा 2420 रुपये हैं।

II, 1 वर्ष के अंत में Q का हिस्सा 2200 रुपये होगा।

(a) ना ही I ना ही II (b) केवल II

(c) I तथा II दोनों (d) केवल I

Ans. (c) : सूत्र- $A = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^n$ से

$$P\times\left(1+\frac{r}{100}\right)^8 = Q\times\left(1+\frac{R}{100}\right)^{10}$$

$$\frac{P}{Q} = \left(1+\frac{R}{100}\right)^2$$

$$\frac{P}{Q} = \frac{121}{100}$$

तो P का हिस्सा $= \frac{4420\times121}{(121+100)}$

$= \frac{4420\times121}{221}$

= ₹ 2420

1 वर्ष के अन्त में Q का हिस्सा $= 2000\times\left(1+\frac{10}{100}\right)$

$= \frac{2000\times11}{10}$

= ₹ 2200

अत: कथन I तथा II दोनों सही है।

85. नीचे दी गई तालिका एक परीक्षा में 5 छात्रों द्वारा प्राप्त अंको को दर्शाती है।

छात्र	अंक
P	600
Q	400
R	100
S	500
T	200

P द्वारा प्राप्त अंकों का Q द्वारा प्राप्त अंकों से अनुपात क्या है?

(a) **3 : 2** (b) **2 : 1**

(c) **4 : 1** (d) **3 : 1**

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

P और Q द्वारा प्राप्त अंकों का अनुपात = 600 : 400

= 3 : 2

अत: विकल्प (a) सही है।

86. 37 लड़कों के एक समूह की औसत आयु 28 वर्ष है। 17 वर्ष आयु वाला एक लड़का समूह छोड़कर चला जाता है। एक नया लड़का समूह में शामिल हो जाता है तथा औसत 1 वर्ष से बढ़ जाती है। नये लड़के की आयु क्या है?

(a) 54 वर्ष (b) 52 वर्ष

(c) 56 वर्ष (d) 58 वर्ष

Ans. (a) : माना नये लड़के की आयु = x वर्ष

कुल लड़कों के आयु का योग = 37 × 28

= 1036

प्रश्नानुसार,

$\frac{1036-17+x}{37} = (28+1)$

$\frac{1019+x}{37} = 29$

$1019 + x = 1073$

$x = 1073 - 1019$

$= 54$

अत: नये लड़के की आयु 54 वर्ष होगी।

87. नीचे दिया गया दंड आरेख 6 विभिन्न स्कूलों में छात्रों की संख्या को दर्शाता है।



L में छात्रों की संख्या का, N में छात्रों की संख्या से अनुपात क्या है?

(a) 3 : 1 (b) 3 : 4
(c) 2 : 1 (d) 2 : 7

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,
L में छात्रों की संख्या = 60
N में छात्रों की संख्या = 20
अभीष्ट अनुपात = 60 : 20
= 3 : 1

88. एक निश्चित राशि 2 वर्ष के अंत में 30 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक संयोजन पर) के रूप में 4485 रुपये देती है। वह राशि क्या है?

(a) ₹6850 (b) ₹6500
(c) ₹6700 (d) ₹8850

Ans. (b) : दिया है;
चक्रवृद्धि ब्याज (C.I) = ₹ 4485
समय (t) = 2 वर्ष
दर (R) = 30% प्रतिशत
मूलधन (P) = ?
प्रश्नानुसार,

$$C.I = P\left[\left(1+\frac{R}{100}\right)^t - 1\right]$$

$$4485 = P\left[\left(1+\frac{30}{100}\right)^2 - 1\right]$$

$$4485 = P\left[\left(\frac{13}{10}\right)^2 - 1\right]$$

$$4485 = P\left[\frac{169}{100} - 1\right]$$

$$4485 = P\times\frac{69}{100}$$

$$P = \frac{4485\times100}{69} = ₹6500$$

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

89. यदि $\frac{1}{A}+\frac{1}{A}+\frac{1}{A}+\frac{1}{A}=48$ है, तो A का मान क्या है?

(a) 1/8 (b) 1/12
(c) 1/10 (d) 1/14

Ans. (b) : प्रश्न से,

$$\frac{1}{A}+\frac{1}{A}+\frac{1}{A}+\frac{1}{A}=48$$

$$\frac{1+1+1+1}{A}=48$$

$$\frac{4}{A}=48$$

$$A=\frac{4}{48}=\frac{1}{12}$$

अतः विकल्प (b) सही है।

90. एक विद्यालय की तीन कक्षाएं हैं। प्रत्येक कक्षा में क्रमशः 12, 70 तथा 42 छात्र हैं। विद्यालय प्रत्येक कक्षा को समूहों में विभाजित करना चाहता है ताकि प्रत्येक कक्षा में प्रत्येक समूह में छात्रों की संख्या समान हो और कोई भी छात्र न बचे। प्रत्येक समूह में अधिकतम कितने विद्यार्थियों को रखा जा सकता है?

(a) 6 (b) 12
(c) 2 (d) 8

Ans. (c) : प्रत्येक कक्षा में क्रमशः 12,70 तथा 42 छात्र है।
12, 70, 42 का म.स. = 2
अतः प्रत्येक समूह में अधिकतम 2 विद्यार्थियों को रखा जा सकता है।

91. रोहित 1300 रुपये की एक गेंद खरीदता है। रोहित ग्राहक को इस गेंद पर 25 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत की दो क्रमिक छूट देता है। गेंद का विक्रय मूल्य क्या होगा?

(a) ₹780 (b) ₹750
(c) ₹760 (d) ₹740

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

$$\text{विक्रय मूल्य} = 1300\times\frac{(100-25)}{100}\times\frac{(100-20)}{100}$$

$$= 1300\times\frac{75}{100}\times\frac{80}{100}$$

$$= 13\times15\times4$$

$$= ₹780$$

92. A, 15 तथा 8 दोनों से विभाजित होने वाली सबसे छोटी 3 अंकों की संख्या है। B, 15 तथा 8 दोनों से विभाजित होने वाली सबसे बड़ी 3 अंको की संख्या है। तो B - A का मान क्या है?

(a) 855 (b) 890
(c) 850 (d) 840

Ans. (d) : तीन अंको की सबसे छोटी संख्या = 100
A, 15 तथा 8 दोनों से विभाजित होने वाली सबसे छोटी तीन अंकों की संख्या = 15×8 = 120
तथा तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या = 999